भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

सीईएन 01/2018 (सहायक लोको पायलट और तकनीशियनों के पद)

द्वितीय चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा का अनंतिम शॉर्टलिस्ट और परीक्षा तिथियों पर अभ्यावेदन

द्वितीय चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में उपस्थित होने के लिए अनंतिम रूप से शॉर्टलिस्ट उम्मीदवारों की सूची के साथ प्रथम चरण कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) परीक्षा के परिणाम दिनांक 02.11.2018 को सभी रेलवे भर्ती बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित किए गए हैं। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए, रेलवे भर्ती बोर्ड ने उत्तर कुंजी के साथ प्रश्न पत्र देखने के लिए उम्मीदवारों को सुविधा भी प्रदान किया है।

रेलवे भर्ती बोर्डों को उम्मीदवारों द्वारा उत्तर कुंजी और कुछ प्रश्नों के अनुवाद के मुद्दे को उठाते हुए कुछ अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। इसके जवाब में रेलवे भर्ती बोर्ड ने इस तरह के सभी मुद्दों की जाँच करने का फैसला किया है।

इसका विश्लेषण करने के पश्चात् संशोधित स्कोर के साथ अंतिम कुंजी पुन: प्रकाशित की जाएगी। शॉर्टलिस्ट उम्मीदवारों की संशोधित सूची भी सभी उम्मीदवारों की जानकारी के लिए वेबसाइटों पर प्रकाशित की जाएगी।

सीईएन 02/2018 के कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) और / या अकादमिक परीक्षाओं की तिथि के साथ ही द्वितीय चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) की तिथि होने के कारण, द्वितीय चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) को स्थगित करने के प्रस्ताव भी प्राप्त हुए हैं। उपर्युक्त को देखते हुए, 12 दिसंबर से पहले **निर्धारित द्वितीय चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) स्थगित कर दी गई है और यह परीक्षा अब 24 दिसंबर 2018 से प्रारंभ होगी ।**

रेलवे भर्ती बोर्ड पुन: दुहराते हैं कि वे अपने उम्मीदवारों से प्राप्त इनपुट / फीडबैक को महत्व देते हैं और ऐसे सभी इनपुटों के लिए स्फूर्त प्रतिक्रिया देते हैं।

रेलवे भर्ती बोर्ड सभी उम्मीदवारों से केवल रेलवे भर्ती बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइटों पर प्रदान की गई जानकारी / अपडेट का अनुसरण करने और किसी भी झूठी / अनौपचारिक जानकारी का शिकार न बनने का अनुरोध करते हैं।

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड

दिनांक : 12.11.2018